


75 प्रतिशत क्षमता को स्टेडियम में वापस करने की अनुमति

बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने स्टेडियम में 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनुमति देने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया। सीएबी के अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने एक बयान में कहा, ''हम खेल गतिविधियों को फिर से शुरू करने की घोषणा के साथ–साथ दर्शकों की 75 प्रतिशत क्षमता को स्टेडियम में वापस करने की अनुमति देने के लिए माननीय सीएम ममता बनर्जी, मुख्य सचिव और पश्चिम बंगाल सरकार के आभारी हैं।'

## अहमदाबाद में भारत और वेस्टइंडीज के बीच बिना दर्शकों खेले जाएंगे मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे अंतरराष्ट्रीय सीरीज बिना दर्शकों के खेली जाएगी। इस बारे में गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) ने मंगलवार को पुष्टि की। गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किया गया, 'मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी मैच बिना दर्शकों के खेले जाएंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'हम वेस्टइंडीज वनडे सीरीज 2022 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 6 फरवरी को पहला वनडे एक बहुत ही खास और ऐतिहासिक मैच होगा, क्योंकि भारत अपना 1000वां वनडे खेलेगा, जिससे वह दुनिया की पहली क्रिकेट टीम बन जाएगी।' भारत 6 फरवरी से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीन वनडे मैच खेलेगा और उसके बाद 16 फरवरी से कोलकाता के ईडन गार्डन में टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस बीच, पश्चिम बंगाल सरकार ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेली जाने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए 75 प्रतिशत भीड़ की उपस्थिति की अनुमति दी है।

# आईपीएल 2022 में कुल 590 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी

क्रिकेट

## आईपीएल 2022 की नीलामी के लिए खिलाड़ियों की लिस्ट जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2022 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी लिस्ट जारी हो गई है। आईपीएल 2022 में कुल 590 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इस बार आईपीएल की नीलामी दो दिन चलेगी। 12 और 13 फरवरी को बेंगुलरु में खिलाड़ियों की नीलामी होगी। यह आईपीएल का 15वां सीजन होगा और क्रिकेट की दुनिया के कई बड़े सितारे इस अहम टूर्नमेंट में भाग लेंगे।

1217 खिलाड़ी ने नाम रजिस्टर कराया था, 590 शॉर्ट लिस्ट हुए हैं। उसमें से 228 कैप्टड खिलाड़ी हैं और 355 अनकैप्टड खिलाड़ी हैं। सात खिलाड़ी असोसिएट देशों से भी संबंधित हैं। भारत की ओर से कई बड़े नाम जैसे– श्रेयस अय्यर, शिखर धवन, आर. अश्विन, मोहम्मद शामी, ईशान किशन, अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना, युजवेंद्र



चहल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, ईशांत शर्मा, उमेश यादव आदि इस बार की नीलामी में हिस्सा लेंगे।

कुल 10 फ्रैंचाइजी टीमें– चेन्नै सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स, रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और अहमदाबाद टीम इसमें शामिल होंगी। इसके साथ ही क्रिकेट की दुनिया के बड़े नाम जैसे– फाफ डु प्लेसिस, डेविड वॉर्नर, पैट कमिंस, कागिसो रबाडा, ट्रेंट बोल्ट, क्विंटन डि कॉक, जॉनी बेयरस्टो, जेसन होल्डर, ड्वेन ब्रावो, शाकिब अल हसन, वानिंडु हसरंगा भी शामिल होंगे।

2 करोड़ रुपये सबसे ज्यादा रिजर्व कीमत है और कुल 48 खिलाड़ियों ने खुद को इस ब्रैकेट में रखा है। वहीं 20 खिलाड़ी 1.5 करोड़ रुपये के ब्रैकेट में हैं। 34 खिलाड़ी एक करोड़ रुपये के रिजर्व प्राइस में हैं। विदेशी खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के सबसे ज्यादा 47 नाम हैं। वहीं वेस्टइंडीज के 34 और दक्षिण अफ्रीका के 33 खिलाड़ी हैं। एसोसिएट देशों में नामीबिया के तीन, स्कॉटलैंड के 2 और नेपाल का एक खिलाड़ी है।

एक टीम में अधिकतम 25 खिलाड़ी हो सकते हैं, जिसमें विदेशी खिलाड़ी की अधिकतम संख्या 8 हो सकती है। 10 टीमों ने 33 खिलाड़ियों को रिटेन या ड्राफ्ट किया है यानी नीलामी में अधिकतम 217 खिलाड़ी बिक सकते हैं। कोलकाता ने दो और पंजाब ने एक विदेशी खिलाड़ी को नीलामी से पहले अपने साथ रखा है, अन्य सभी टीमों ने 1–1 खिलाड़ी। नीलामी में अधिकतम 70 विदेशी खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी खरीद सकती हैं।

# एस श्रीसंत का एक बार फिर से आइपीएल में खेलने का सपना टूटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत का एक बार फिर से आइपीएल में खेलने का सपना टूट गया। आइपीएल 2022 के लिए होने वाली मेगा नीलामी के लिए 590 खिलाड़ियों को शार्टलिस्ट किया गया, लेकिन इसमें श्रीसंत का नाम नहीं था। इसका मतलब ये कि उन्हें इस नीलामी में हिस्सा लेने के काबिल नहीं समझा गया और बाहर कर दिया गया। इस बार की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए 1200 से भी ज्यादा खिलाड़ियों ने अपना नाम रजिस्टर करवाया था, लेकिन इनमें से सिर्फ 590 खिलाड़ियों को ही नीलामी में हिस्सा लेने के लायक समझा गया।

आपको बता दें कि एस श्रीसंत ने इस बार नीलामी के लिए

### बीसीसीआइ ने नीलामी में शामिल होने के लिए शार्टलिस्ट नहीं किया

अपना बेस प्राइस 50 लाख रुपये रखा था तो वहीं उन्होंने आइपीएल 2021 की नीलामी के लिए अपना बेस प्राइस 75 लाख रुपये रखा था। इस बार उन्होंने अपनी कीमत में भी कटौती की थी और वो घरेलू क्रिकेट में भी खेल रहे थे, लेकिन फिर भी बीसीसीआइ ने उन्हें नीलामी में शामिल होने के लिए शार्टलिस्ट नहीं किया और 590 खिलाड़ियों में उन्हें जगह नहीं मिली। श्रीसंत ने आइपीएल में आखिरी बार साल 2013 में खेला था और फिर फिक्सिंग में लिप्त पाए जाने की वजह से उन पर बैन लगा था। इसके बाद कोर्ट ने उनका बैन सात साल का कर दिया था और इसके खत्म होने के बाद से वो लगातार आइपीएल में खेलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनका सपना एक बार फिर से टूट गया।

पंजाब किंग्स और कोच्चि टस्कर्स केरल के लिए खेलने वाले श्रीसंत ने टी20 लीग के 44 मैचों में कुल 40 विकेट लिए थे तो वहीं 2007 टी20 वर्ल्ड कप विनर टीम के सदस्य रह चुके श्रीसंत ने 10 टी20 इंटरनेशनल मैच में कुल 7 विकेट लिए हैं। वहीं 65 टी20 मैचों में उन्होंने अब तक कुल 54 विकेट लिए हैं। इसके इलावा 38 साल के इस गेंदबाज को केरल की टीम की तरफ से इस साल रणजी ट्राफी में हिस्सा लेने की इजाजत दी गई थी, लेकिन कोविड की वजह से इसे फिलहाल के लिए स्थगित कर दिया गया था।

## पाकिस्तान में विराट के 71वें शतक का इंतजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने नवंबर 2019 के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक नहीं लगाया है। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता में डे–नाइट टेस्ट में 136 रनों की पारी खेली थी। उसके बाद से 33 साल के विराट को कई बार अच्छी शुरुआथ मिली, वे अर्धशतक भी लगाते हैं लेकिन उसे शतक में तब्दील नहीं कर पाते। पिछली 10 वनडे पारियों में उनके 6 अर्धशतक हैं। दुनिया भर के क्रिकेट फैंस उनके शतक का इंतजार कर रहे हैं। पाकिस्तान में भी विराट के 71वें शतक का इंतजार हो रहा है। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में इस्लामाबाद यूनाइटेड टीम से जुड़े हसन चीमा ने ट्विवटर पर बताया कि उनकी टीम से लेकर अन्य पीएसएल टीम के लिए खेल रहे पाक खिलाड़ी विराट के शतक का इंतजार कर रहे हैं। कई तो इसके लिए प्रार्थना भी कर रहे। हसन चीमा ने लिखा, मैं पीएसएल के दौरान ज्यादा ट्विट नहीं करता लेकिन एक चीज है जिसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। यह आकर्षक है कि जिस किसी से मैं बात करता हूं, हमारे टीम के या अन्य टीम के पाकिस्तानी खिलाड़ी, सभी कोहली के शतक की उम्मीद कर रहे हैं।

## न्यूज डायरी



### अगर हार्दिक पंड्या डिमोट होते हैं तो मुझे हैरानी नहीं होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पिछले कुछ महीने से मैदान से दूर हैं। उन्होंने पिछले साल नवंबर में टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए आखिरी मुकाबला खेला था। वहीं, 2018 के बाद से उन्हें टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिला है। अभी 28 साल के हार्दिक अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई जल्द ही भारतीय खिलाड़ियों को नया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट देने वाली है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर निखिल चोपड़ा के अनुसार हार्दिक को उसमें नुकसान हो सकता है। हार्दिक अभी ए कैटेगरी में हैं। एक यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए निखिल चोपड़ा ने कहा, प्रमोशन में क्षमता बड़ी वजह होती है, लेकिन आपको यह भी देखना होगा कि खिलाड़ी को जो मौके मिले हैं, उसमें उसने कैसा प्रदर्शन किया। मुझे आश्चर्य नहीं होगा अगर हार्दिक ए से बी में डिमोट हो जाते हैं, क्योंकि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। ए कैटेगरी वाले खिलाड़ियों को बोर्ड की तरफ से हर साल 5 करोड़ रुपए मिलते हैं।

### विराट कोहली के मुकाबले मैदान पर थोड़े शांत कप्तान होंगे रोहित शर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अजीत आगरकर का मानना है कि रोहित शर्मा बतौर कप्तान विराट कोहली के मुकाबले थोड़े से शांत रहेंगे। हालांकि आगरकर ने यह भी कहा कि सीमित ओवरों के कप्तान के रूप में रोहित की खूबियां सबके सामने हैं। शर्मा, साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेले थे। वह हैमस्ट्रिंग में चोट के चलते साउथ अफ्रीका दौरे पर नहीं गए थे। अब वह छह फरवरी से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही सीरीज से अपने कप्तानी सफर की शुरुआत करेंगे। आगरकर ने कहा, श्हमने जितना भी रोहित शर्मा को देखा है, वह बेशक विराट कोहली के मुकाबले थोड़ा शांत नजर आएंगे। लेकिन हमने उनकी कप्तानी की खूबियां देखी हैं। सिर्फ फ्रैंचाइजी क्रिकेट में ही नहीं। वह अपने करियर के उस मुकाम पर हैं जहां उनके पास काफी अनुभव है, उन्होंने कई अंतररष्ट्रीय मैच भी खेले हैं, तो उन्हें उनका भी काफी अनुभव है।

### ईडन गार्डंस में टी20 सीरीज में दर्शकों को मिली इजाजत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 16 फरवरी से कोलकाता के ईडन गार्डंस में होने वाली टी20 सीरीज में दर्शकों की एंट्री को लेकर बड़ा फैसला किया गया है। पश्चिम बंगाल सरकार ने 75 फीसदी क्षमता के साथ दर्शकों को मैदान में आने की इजाजत दे दी है। जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा गया है, इनडोर और आउटडोर खेल गतिविधियों की 75 फीसदी दर्शक क्षमता के साथ इजाजत होगी। इसका अर्थ है कि करीब 50 हजार दर्शक ये मैच देखने पहुंचेंगे। कायरन पोलार्ड की कप्तानी वाली वेस्टइंडीज की टीम 6 फरवरी से अहमदाबाद में तीन वनडे मैच खेलेगी और इसके बाद टी20 सीरीज के लिए कोलकाता पहुंचेगी। कोलकाता में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज का आखिरी टी20 इंटरनैशनल मैच भी हुआ था। यह मैच 70 फीसदी दर्शक क्षमता के साथ खेला गया। दर्शक दोबारा स्टेडियम में पहुंचेंगे।

### रविचंद्रन अश्विन एक हाथ से कर रहे हैं बल्लेबाजी की प्रैक्टिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह एक हाथ से बल्लेबाजी की प्रैक्टिस कर रहे हैं। अश्विन ने सोमवार को एक वीडियो साझा किया जिसमें वह इस अनोखे अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं। अश्विन छह फरवरी से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। साउथ अफ्रीका में खेली गई सीरीज में अश्विन प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे। इसके बाद भारतीय सिलेक्टर्स ने एक बार फिर कलाई के स्पिनर्स, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल की जोड़ी पर भरोसा जताया।